दैनिक भास्कर 30/11/25

लोन स्कीम्स के बारे में जानकारी दी

चंडीगढ़। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के केंद्रीय कार्यालय द्वारा चलाए जा रहे अखिल भारतीय रिटेल ऋण आउटरीच अभियान के अंतर्गत चंडीगढ़ क्षेत्र में आज एक प्रभावी और सफल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंबई से महाप्रबंधक डीके अर्जवानी ने की। उनके साथ क्षेत्रीय प्रमुख राम कुमार यादव और एसडी कॉलेज, सेक्टर-32 के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान बैंक अधिकारियों ने ग्राहकों को सेंट गृह लक्ष्मी योजना, सेंट होम लोन, सेंट व्हीकल लोन और सेंट गोल्ड लोन जैसी प्रमुख रिटेल लोन स्कीम्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

दैनिक जागरण 30/11/25

सेंट्रल बैंक आफ इंडिया ने एनआरआइ डेस्क खोला

जागरण संवाददाता, चंडीगढ़: सेंट्रल बैंक आफ इंडिया ने शनिवार को सेक्टर-17बी शाखा में एनआइआर डेस्क का उद्घाटन किया। केंद्रीय कार्यालय मुंबई के अंतरराष्ट्रीय विभाग के महाप्रबंधक वस्ती वेंकटेश ने इसका उद्घाटन किया। कार्यक्रम में चंडीगढ़ के अंचल प्रमुख अरविंद कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख राम कुमार यादव, उपअंचल प्रमुख टीसी मीना एवं शाखा प्रमुख अनंतप्रीत सिंह और शाखा के कई सम्मानित ग्राहक उपस्थित थे। इस पहल का उद्देश्य एनआरआइ ग्राहकों को विशेष बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है, जिससे प्रक्रियाओं में सुगमता और समय की बचत हो सके।

दैनिक सवेरा 30/11/25

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ क्षेत्र में रिटेल ऋण आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन

सवेरा न्यूज/राकेश चंडीगढ़, 29 नवंबर : सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया केन्द्रीय कार्यालय द्वारा संचालित अखिल भारतीय रिटेल ऋण आउटरीच अभियान के तहत चंडीगढ़ क्षेत्र में आज एक सफल एवं प्रभावी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई से पधारे महाप्रबंधक डी.के. अर्जवानी ने की। उनके साथ क्षेत्रीय प्रमुख राम कुमार यादव, बैंक के वरिष्ठ अधिकारी एवं एस.डी. कॉलेज, सैक्टर-32 के प्रधानाचार्य डॉ. अजय शर्मा सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों द्वारा ग्राहकों को सेंट गृह लक्ष्मी योजना, सेंट होम लोन, सेंट व्हीकल लोन एवं सेंट गोल्ड लोन सहित बैंक की प्रमुख रिटेल ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। ग्राहकों की शंकाओं के समाधान हेतु सुझाव एवं प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अर्जवानी ने अपने संबोधन में बैंक की रिटेल योजनाओं, ग्राहक सेवा पहलों तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म 'सेंट ईज' के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्राहकों को साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने की सलाह भी दी। कार्यक्रम के दौरान रिटेल योजनाओं के अंतर्गत 45.45 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए गए।

पंजाब केसरी 30/11/2025

सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया चंडीगढ़ क्षेत्र में रिटेल ऋण आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन

चंडीगढ़, 29 नवम्बर (स.ह.): सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया केन्द्रीय कार्यालय द्वारा संचालित अखिल भारतीय रिटेल ऋण आउटरीच अभियान के तहत चंडीगढ़ क्षेत्र में सफल एवं प्रभावी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई के महाप्रबंधक डी.के. अर्जवानी ने की। उनके साथ क्षेत्रीय प्रमुख राम कुमार यादव, बैंक के वरिष्ठ अधिकारी एवं एस.डी. कॉलेज, सैक्टर-32 के प्रधानाचार्य डॉ. अजय शर्मा सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। बैंक अधिकारियों द्वारा ग्राहकों को सेंट गृह लक्ष्मी योजना, सेंट होम लोन, सेंट व्हीकल लोन एवं सेंट गोल्ड लोन सहित बैंक की प्रमुख रिटेल ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। ग्राहकों की शंकाओं के समाधान हेतु सुझाव एवं प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अर्जवानी ने बैंक की रिटेल योजनाओं, ग्राहक सेवा पहलों तथा डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म 'सेंट ईज़' के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्राहकों को साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने की सलाह भी दी। कार्यक्रम के दौरान रिटेल योजनाओं के अंतर्गत ₹45.45 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए गए।